# आकाशवाणी शिमला

## 30.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार''**

- **राज्य सरकार ने प्रदेश के सौ सरकारी स्कूलों में अगले वर्ष से सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग को मंजूर किए सौ करोड़ रूपये।**
- **प्रदेश मंत्रिमंडल ने सुखाश्रय योजना में संशोधन को दी मंजूरी– अब 70 फीसदी दिव्यांग माता–पिता के बच्चे भी योजना में होंगे शामिल।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिलाओं पर मुकद्दमे दर्ज करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।**
- **नई दिल्ली में वर्ष 2026 की गणतंत्र दिवस की परेड में इस बार हिमाचल के सैनिक वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित झांकी होगी शामिल।**
- **चंबा ज़िला के भरमौर क्षेत्र की खणी पंचायत के लोगों ने भालुओं के आतंक को लेकर किया विरोध–प्रदर्शन– सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग।**

**कैबिनेट**

राज्य सरकार ने प्रदेश के सौ सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है, जिसके लिए सौ करोड़ रूपए शिक्षा विभाग को मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सीबीएसई के सभी पैरामीटर पूरा करने के लिए सरकार ने इन स्कूलों में मौजूद कमियों को दूर करने के निर्देश दिए ताकि अगले वर्ष मार्च में सीबीएसई की कक्षाएं शुरू हो सकें। इसके अलावा इन स्कूलों में चार सौ पद गणित और चार सौ पद अंग्रेजी अध्यापकों के सृजित करने को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है।

***सरकार ने तय किया था कि हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई के पैटर्न को लागू किया जाएगा और लगभग 100 स्कूलों को चयन किया गया है जिसकी एफिलिएशन सीबीएसई बोर्ड से इन स्कूलस को प्राप्त हो गई है। सरकार की मंशा है कि मार्च 2026 से इन स्कूलों में सीबीएसई की जो पाठ्यक्रम है इसको आरंभ कर दिया जाएगा। उस पर इन स्कूलों को लाने के लिए आज कैबिनेट में 100 करोड रुपए एजुकेशन डिपार्टमेंट को सेंक्शन किए हैं। इस स्कूल में 400 पोस्टें टीचर्स केबली आज कैबिनेट ने सेंक्शन की है। और 400 पोस्टें टीचर की भी आज कैबिनेट ने सेंक्शन की है। इसके अलावा इन स्कूल में स्पेशल एजुकेटर की 100 पोस्टें सेंक्शन की गई हैं।***

मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके बाद अब 70 फीसदी दिव्यांग माता–पिता के बच्चों और माता–पिता में से एक की मृत्यु हो गई हो और दूसरे ने बच्चे का परित्याग कर दिया है तो उस बच्चे को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्यमंत्री लघु–दुकानदार सुख कल्याण योजना शहरी में संशोधन को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में छोटे दुकानदारों के 2 लाख रूपये तक के व्यावसायिक ऋण पर राज्य सरकार द्वारा अधिकतम एक लाख रूपये तक की एकमुश्त निपटान सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के मुख्यालय को शिमला से स्थानांतरित कर धर्मशाला स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा बैठक में स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति 2021 में संशोधन को मंजूरी देने के अलावा इंदौरा क्षेत्र के मलोट में नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने पर भी मोहर लगाई गई। मंत्रिमंडल ने फ्रेंच विकास एजेंसी के सहयोग से

5 वर्षों के लिए 8 सौ 92 करोड़ रूपये की लागत से हिमाचल प्रदेश आपदा प्रभावित न्यूनीकरण व तैयारी परियोजना को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के सैंकड़ो पद भरने को भी मंजूरी दी गई।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिलाओं पर मुकद्दमे दर्ज करना शर्मनाक है। उन्होंने आज बिलासपुर में सरकार द्वारा नशे के कारोबारियों को मिल रहे संरक्षण और बिलासपुर में नशा रोकने के लिए गश्त कर रही महिला मंडल की महिलाओं के खिलाफ दर्ज किए गए मुकद्दमे के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया। जयराम ठाकुर ने नशे के खिलाफ अपनी पंचायतों में गश्त कर रही महिलाओं के खिलाफ इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे वापिस लेने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार नशे को लेकर गंभीर नहीं है और नशे के खिलाफ लड़ाई में गंभीरता दिखाने की बजाय दिखावा और इंवेंट मेनेजमेंट का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और सरकार नशे के कारोबारियों पर सख्ती दिखाने की बजाय नशे के खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को निशाना बना रही है।

**ट्राई**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई द्वारा आज कांगड़ा ज़िला के मटौर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिकायत निवारण और साइबर स्वच्छता के संबंध में विभिन्न पहलों को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाता और ट्राई के साथ पंजीकृत उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों, स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

**झांकी**

वर्ष 2026 की गणतंत्र दिवस की परेड में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस बार हिमाचल प्रदेश के सैनिक वीरता पुरस्कार विजेता वीरों की भूमि पर आधारित झांकी प्रदर्शित की जाएगी। प्रदेश के भाषा व संस्कृति विभाग की निदेशक रीमा कश्यप ने बताया कि इस झांकी के माध्यम से हिमाचल की वीर परंपरा और प्रदेश के रणबांकुरों की गौरवशाली गाथा को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झांकी में वंदे मात्रम के साथ मातृभूमि के प्रति समर्पण, बलिदान और राष्ट्र प्रेम की भावना को सजीव रूप से दर्शाया जाएगा।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव संजय कुमार गुप्ता ने आज शिमला में हिम एम.एस.एम.ई. फेस्ट–2026 और संबंधित अंतर विभागीय बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। ये फेस्ट 3 से 5 जनवरी 2026 तक शिमला के रिज मैदान और पीटर हॉफ में आयोजित होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि फेस्ट का प्रमुख आकर्षण सी.ई.ओ. इंटरेक्शन–निवेश व औद्योगिक विकास के लिए रणनीतिक नेतृत्व संवाद का आयोजन है।

**मांग**

चंबा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की खणी पंचायत में भालुओं के बढ़ते आतंक और वन विभाग व प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई न होने के विरोध में आज भरमौर के लाहल में लोगों ने प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। लोगों का कहना है कि बीते एक माह के भीतर भालुओं के हमले में 2 महिलाएं प्रभावित हुई हैं, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीणों का कहना है कि भालू दिन के समय भी रिहायशी बस्तियों में खुलेआम दिखाई दे रहे हैं, जिससे

किसी और बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से भालुओं के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

<u>आईजीएमसी मामला</u>

आईजीएमसी शिमला में मरीज व डॉक्टर के बीच मारपीट मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। डॉक्टर राघव नरूला और मरीज अर्जुन पंवार ने एक दूसरे से माफी मांगी और गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया। डॉक्टर नरूला ने कहा कि दोनों तरफ से गलती हुई थी और हम दोनों ने एक दूसरे से माफी मांग कर मामले को भुला दिया है। मरीज अर्जुन पंवार ने कहा कि डॉक्टर ने माफी मांग ली है और अब मामला खत्म हो गया है।

<u>*ऐसी बात है जो 22 दिसंबर को इंसिडेंट हुआ था अनफॉर्च्युनेट इंसीडेंट ,मेरा और अर्जुन सिंह के बीच में उसके लिए हम दोनों एक दूसरे को सॉरी फील कर चुके हैं और प्रदेशवासियों से भी माफी की उम्मीद रखते हैं कि और उम्मीद रखते हैं कि अगली बार से ही हम दोनों की तरफ से किसी के साथ नहीं हो। ये चीज सुलझाना हम दोनों पक्ष चाहते हैं। बस सुलझाने के तरीके अलग–अलग थे और हम यही चाहते हैं कि मेरी तरफ से आगे ना हो और यह भी हमारे को सपोर्ट करें हर तरीके से। जितने भी एक्शन लिए गए हैं ऐसा नहीं है वह भी मतलब प्रक्रिया में समझौते के अनुसार वो सब वैसे वैसे लीगल एक्शन हो रहे हैं वो वापिस लिएभा रहे हैं। मैं भी यही कहना चाहूंगा कि डॉक्टर साहब ने सॉरी बोल दिया है। हमने भी माफ कर दिया और जिस तरह से सरकार ने हमारा सहयोग किया सहयोग किया, आम जनता ने हमारा सहयोग किया और जो चीजें हमारी वजह से हुई हरासमेंट हुई लोगों को उसके लिए मैं भी अपनी ओर से माफी चाहता हूं।*</u>

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- **राज्य सरकार ने प्रदेश के सौ सरकारी स्कूलों में अगले वर्ष से सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग को मंजूर किए सौ करोड़ रूपये।**
- **प्रदेश मंत्रिमंडल ने सुखाश्रय योजना में संशोधन को दी मंजूरी– अब 70 फीसदी दिव्यांग माता–पिता के बच्चे भी योजना में होंगे शामिल।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिलाओं पर मुकद्दमे दर्ज करने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।**
- **नई दिल्ली में वर्ष 2026 की गणतंत्र दिवस की परेड में इस बार हिमाचल के सैनिक वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित झांकी होगी शामिल।**
- **चंबा ज़िला के भरमौर क्षेत्र की खणी पंचायत के लोगों ने भालुओं के आतंक को लेकर किया विरोध–प्रदर्शन– सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग।**

---------------------------------------------------------------------------------------------